कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री महेन्द्र सिंह तंवर पुत्र श्री प्यारसिंह निवासी ग्राम नूरपुर पोस्ट गुढा आशिकपुरा तहसील बसवा जिला दौसा राज0 पिन कोड–303315

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा जिला दौसा

अपील संख्या 52/2021

निर्णय दिनांक 27.08.2021

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा जिला दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वांछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा जिला दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/ सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा जिला दौसा से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा जिला दौसा को इस कार्यालय के पत्र कमांकः डीएम कोर्ट/2021/1500 दिनांक 29.07.2021 एवं स्मरण पत्र कमांकः 1609 दिनांक 12.8.2021 द्वारा पत्र जारी कर प्रार्थी को वांछित सूचना उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट चाही गई। लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा जिला दौसा द्वारा पत्र कमांकः संस्था/2021/13027 दिनांक 19.8.2021 के द्वारा अपीलांट को वांछित नकल प्रेषित की जा चुकी है। उक्त पत्रादि की प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को वांछित नकल उपलब्ध करा दी गई है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(पीयुष समारिया)
जिला कलक्टर, दौसा
जिला कलक्टर,दौसा

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट दौसा